लगाए गए थे। जिलावार ब्यौरे निम्न-लिखित है :–

जिला	नलकूपों की संख्या
राजकोट	2
कच्छ	12
अहमदाबाद	3
कुल:	17

(ख) काम कर रहे और निष्क्रिय पड़े नलकूपों का ब्यौरा निम्नलिखित है:–

जिला	नलकूपों की संख्या	
	कार्य कर रहे नलकूप	निष्क्रिय नलकूप
राजकोट	2	शून्य
कच्छ	6	6
अहमदाबाद	3	शून्य
कुल:	11	6

(ग) निष्क्रिय पड़े 3 नलकूपों को मार्च, 1992 तक और अन्य 3 नलकूपों को दिसम्बर, 1992 तक चालू कर दिये जाने की सम्भावना है।

(घ) 1991–92 में अहमदाबाद जिले में 3 नलकूप लगाए जाने की संभावना है।

ग्रामीण विकास के लिए अनुदान

796. कुमारी आलिया :
श्री अजीत जोगी :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1989–90 और 1990–91 के दौरान विभिन्न संस्थाओं और समितियों ने ग्रामीण विकास के लिए अनुदान हेतु "लोक अभियान तथा ग्रामीण प्रौद्योगिकी समुन्नति परिषद्" को कितने आवदन पत्र भेजे थे;

(ख) उनमें से कितनी संस्थाओं और समितियों को कितनी-कितनी राशि का अनुदान दिया गया था; और

(ग) इन संस्थाओं ने प्राप्त अनुदानों में से कितनी-कितनी राशि का उपयोग किया है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई एच० पटेल) : (क) 1989–90 और 1990–91 के दौरान क्रमश: 2987 और 4836 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे।

(ख) वर्ष 1989–90 और 1990–91 के दौरान प्रत्येक वर्ष में 1156 संस्थाओं और समितियों को अनुदान दिया गया था। 1989–90 और 1990–91 के दौरान इन संस्थाओं और समितियों को क्रमश: 20.49 करोड़ रुपये और 17.34 करोड़ रुपये का अनुदान स्वीकृत किया गया था।

(ग) लोक कार्यक्रम तथा ग्रामीण प्रौद्योगिकी विकास परिषद (कापार्ट) ने 1989–90 और 1990–91 के दौरान स्वीकृत की गई परियोजनाओं के संबंध में इन समितियों को क्रमश: 17.47 करोड़ रुपये और 16.93 करोड़ रुपये की राशि रिलीज की है।

Maintenance of land records in rural areas

@797. SHRI SHIV PRATAP MISHRA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state;

(a) whether Government are aware that one of rhe reasons of unrest in rural areas is the lack of proper maintenance of land records;

@Pneviousty Unstarred Question 145, transferred from the 22nd November, 1991.